भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1867**
दिनांक 28/07/2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

**स्वच्छ पेयजल**

**1867. श्री रमेश बिन्द:**
**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:**
**श्रीमती अपरूपा पोद्दार:**
**श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में घरों तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया है और यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का वर्ष 2023 के अंत तक सभी घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) भदोही, आरामबाग, जलगांव और पालघर में 'हर घर जल' योजना की स्थिति क्या है; और
(घ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत कितने गांवों और शहरी मलिन बस्तियों को शामिल किया गया है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): भारत सरकार, अगस्त 2019 से राज्यों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है ताकि 2024 तक देश में प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए नल जल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा सके। जल जीवन मिशन की घोषणा के समय 18.93 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। तब से पिछले 35 महीनों में अतिरिक्त 6.64 करोड़ (34.70%) परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए

हैं। 25 जुलाई 2022 की स्थिति के अनुसार, देश में 19.14 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 9.88 करोड़ (51.61%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है। मिशन की शुरूआत के बाद से नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए ग्रामीण परिवारों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग): संसदीय क्षेत्र भदोही, आरामबाग, जलगांव और पालघर में जेजेएम-हर घर जल योजना की स्थिति **अनुबंध-II** में दी गई है।

(घ): जेजेएम-आईएमआईएस पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, देश के 6.01 लाख गांवों में से 1.55 लाख गांवों (अर्थात 25.79%) के सभी ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। विवरण निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं: https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx.

शहरी मलिन बस्तियों को पेयजल उपलब्ध कराने संबंधी डाटा इस विभाग द्वारा नहीं रखा जाता है।

*****

अनुबंध-I

**दिनांक 28.07.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1867 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति**

(25.07.2022 की स्थिति के अनुसार)

(संख्या लाख में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 15.08.2019 की स्थिति के अनुसार कुल ग्रामीण परिवार | 15.8.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | | आज की स्थिति के अनुसार कुल ग्रामीण परिवार | नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए ग्रामीण परिवार | | | | | | नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % में | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | कुल | % में | संख्या | % में |
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0.65 | 0.29 | 43.92 | 0.62 | - | 0.33 | - | - | 0.33 | 53.98 | 0.62 | 100.00 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 95.66 | 30.74 | 32.14 | 95.69 | 1.19 | 12.77 | 9.69 | 3.22 | 26.87 | 28.08 | 57.61 | 60.20 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2.18 | 0.23 | 10.46 | 2.20 | 0.13 | 0.65 | 0.42 | 0.05 | 1.25 | 56.89 | 1.48 | 67.23 |
| 4. | असम | 63.35 | 1.11 | 1.76 | 63.35 | 0.49 | 5.07 | 16.62 | 1.17 | 23.35 | 36.85 | 24.46 | 38.61 |
| 5. | बिहार | 1,83.54 | 3.16 | 1.72 | 1,72.21 | 28.97 | 1,03.46 | 21.23 | 2.95 | 1,56.61 | 90.94 | 1,59.78 | 92.78 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 45.48 | 3.20 | 7.03 | 50.06 | 0.96 | 1.51 | 4.45 | 2.63 | 9.55 | 19.08 | 12.75 | 25.46 |
| 7. | दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव | 0.6 | 0.00 | 0.00 | 0.85 | - | 0.25 | 0.61 | - | 0.85 | 100.00 | 0.85 | 100.00 |
| 8. | गोवा | 2.63 | 1.99 | 75.70 | 2.63 | 0.31 | 0.33 | - | - | 0.64 | 24.30 | 2.63 | 100.00 |
| 9. | गुजरात | 93.03 | 65.16 | 70.04 | 91.77 | 1.06 | 10.95 | 9.57 | 1.84 | 23.41 | 25.51 | 88.57 | 96.51 |
| 10. | हरियाणा | 28.94 | 17.66 | 61.04 | 30.97 | 1.35 | 7.91 | 4.04 | - | 13.30 | 42.96 | 30.97 | 100.00 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 17.04 | 7.63 | 44.76 | 17.28 | 1.59 | 3.79 | 3.04 | 0.27 | 8.69 | 50.29 | 16.31 | 94.44 |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | 18.17 | 5.75 | 31.67 | 18.35 | 2.07 | 2.16 | 0.63 | 0.01 | 4.87 | 26.52 | 10.62 | 57.87 |
| 13. | झारखंड | 54.09 | 3.45 | 6.38 | 61.22 | 0.95 | 3.00 | 4.20 | 1.66 | 9.81 | 16.03 | 13.26 | 21.65 |
| 14. | कर्नाटक | 89.61 | 24.51 | 27.35 | 1,01.18 | 0.21 | 3.43 | 19.04 | 6.20 | 28.89 | 28.55 | 53.06 | 52.44 |
| 15. | केरल | 67.15 | 16.64 | 24.78 | 70.69 | 0.85 | 4.04 | 6.64 | 1.53 | 13.07 | 18.49 | 29.71 | 42.03 |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 15.08.2019 की स्थिति के अनुसार कुल ग्रामीण परिवार | 15.8.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | | आज की स्थिति के अनुसार कुल ग्रामीण परिवार | नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए ग्रामीण परिवार | | | | | | नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % में | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | कुल | % में | संख्या | % में |
| 16. | लद्दाख | 0.44 | 0.01 | 3.21 | 0.43 | 0.01 | 0.02 | 0.09 | 0.08 | 0.19 | 43.87 | 0.20 | 47.18 |
| 17. | मध्य प्रदेश | 1,21.24 | 13.53 | 11.16 | 1,19.89 | 4.19 | 19.87 | 11.11 | 2.63 | 37.79 | 31.52 | 51.26 | 42.75 |
| 18. | महाराष्ट्र | 1,42.36 | 48.44 | 34.03 | 1,44.93 | 5.45 | 37.09 | 12.55 | 1.00 | 56.09 | 38.70 | 1,02.63 | 70.82 |
| 19. | मणिपुर | 4.52 | 0.26 | 5.73 | 4.52 | 0.04 | 1.96 | 0.70 | 0.30 | 3.01 | 66.64 | 3.27 | 72.38 |
| 20. | मेघालय | 5.9 | 0.05 | 0.77 | 5.90 | 0.02 | 0.87 | 1.34 | 0.14 | 2.37 | 40.24 | 2.42 | 41.02 |
| 21. | मिजोरम | 1.27 | 0.09 | 7.24 | 1.34 | 0.16 | 0.34 | 0.22 | 0.06 | 0.78 | 57.84 | 0.87 | 64.70 |
| 22. | नागालैंड | 3.86 | 0.14 | 3.60 | 3.77 | 0.02 | 0.48 | 0.94 | 0.16 | 1.60 | 42.30 | 1.73 | 45.98 |
| 23. | ओडिशा | 83.06 | 3.11 | 3.74 | 88.57 | 4.37 | 15.47 | 17.48 | 3.68 | 41.00 | 46.29 | 44.10 | 49.79 |
| 24. | पुदुचेरी | 1.15 | 0.94 | 81.31 | 1.15 | 0.06 | 0.08 | 0.07 | - | 0.21 | 18.63 | 1.15 | 100.00 |
| 25. | पंजाब | 35.07 | 16.79 | 47.86 | 34.40 | 0.76 | 8.18 | 8.55 | 0.10 | 17.59 | 51.12 | 34.37 | 99.91 |
| 26. | राजस्थान | 1,01.32 | 11.74 | 11.59 | 1,05.69 | 1.02 | 6.81 | 5.67 | 2.26 | 15.76 | 14.91 | 27.50 | 26.02 |
| 27. | सिक्किम | 1.05 | 0.70 | 67.00 | 1.32 | - | 0.10 | 0.08 | 0.02 | 0.20 | 15.33 | 0.90 | 68.58 |
| 28. | तमिलनाडु | 1,26.89 | 21.76 | 17.15 | 1,22.54 | 0.17 | 16.13 | 14.93 | 9.81 | 41.04 | 33.49 | 62.80 | 51.25 |
| 29. | तेलंगाना | 54.38 | 15.68 | 28.84 | 53.87 | 20.18 | 18.20 | - | - | 38.38 | 71.24 | 53.87 | 100.00 |
| 30. | त्रिपुरा | 8.01 | 0.25 | 3.06 | 7.42 | 0.46 | 1.42 | 1.68 | 0.13 | 3.68 | 49.64 | 3.90 | 52.59 |
| 31. | उत्तर प्रदेश | 2,63.39 | 5.16 | 1.96 | 2,64.28 | 4.66 | 19.16 | 6.58 | 4.32 | 34.72 | 13.14 | 39.88 | 15.09 |
| 32. | उत्तराखंड | 14.62 | 1.30 | 8.91 | 14.94 | 0.87 | 4.32 | 2.81 | 0.34 | 8.34 | 55.83 | 9.59 | 64.16 |
| 33. | पश्चिम बंगाल | 1,63.26 | 2.15 | 1.31 | 1,60.02 | 0.05 | 12.48 | 23.40 | 6.60 | 42.53 | 26.58 | 44.66 | 27.91 |
| | **कुल** | **18,93.91** | **3,23.62** | **17.07** | **19,14.04** | **82.62** | **3,22.62** | **2,08.37** | **53.16** | **6,66.76** | **34.84** | **9,87.78** | **51.61** |

स्रोतः जेजेएम – आईएमआईएस एचएचः परिवार

**अनुबंध-II**

**दिनांक 28.07.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1867 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**संसदीय क्षेत्र भदोही, आरामबाग, जलगांव और पालघर में जेजेएम-हर घर जल (नल जल कनेक्शन) की स्थिति**

25.07.2022 की स्थिति के अनुसार

| लोक सभा संसदीय क्षेत्र | जिलें | कुल ग्रामीण परिवार (एचएच) | नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | % |
|---|---|---|---|---|
| भदोही, उत्तर प्रदेश | भदोही | 1,91,225 | 15,572 | 8.14 |
| | प्रयागराज | 7,51,581 | 1,34,344 | 17.87 |
| आरामबाग, पश्चिम बंगाल | हुगली | 9,82,975 | 2,52,988 | 25.74 |
| | पश्चिम मेदिनीपुर | 8,41,051 | 1,72,388 | 20.50 |
| जलगाँव, महाराष्ट्र | जलगांव | 6,80,156 | 6,80,156 | 100 |
| पालघर, महाराष्ट्र | पालघर | 4,42,062 | 1,462,84 | 33.09 |

स्रोत: जेजेएम – आईएमआईएस